हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 16 जून 2026

तापमान
अधिकतम 37.6°C
न्यूनतम 26.8°C

**शहर में आज**
- लघुसचिवालय परिसर में सुनी जाएंगी लोगों की समस्याएं।
- एडीसी कार्यालय परिसर के डीआरडीए हॉल में सुबह साढ़े 11 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर

# सीएम ने पीड़ित परिवारों से मिलकर बांटा दर्द डीसी को दिए सर्वे जल्द पूरा करवाने के निर्देश

## कहा- दुकानदारों और पीड़ित परिवारों के साथ है सरकार
## कपिल व अमन के परिजन बोले- घर चलाने वाले चले गए ठंडा हो गया चूल्हा; कैसे जीवन कटेगा, सरकार मदद करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को अग्निकांड की घटना में जान गंवाने वालों के घर जाकर किया शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने अमन, रोहित खुराना व कपिल कुमार के निवास स्थान पर पहुंचकर गहरा दुख प्रकट किया और कहा कि सरकार आपके साथ खड़ी है। इस दौरान अमन और कपिल के परिजनों ने कहा कि उनके घर को चलाने वाले ही दुनिया से चले गए, अब कैसे जीवन कटेगा। परिवारों ने सरकार से सरकारी नौकरी की भी मांग रखी। इस दौरान उन्होंने जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता से मजिस्ट्रेट जांच और मुआवजे के लिए सर्वे जल्द पूरा करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।





### अग्निकांड को दुर्भाग्यपूर्ण बताकर प्रकट किया शोक

इससे पूर्व सीएम ने डी-पार्क क्षेत्र में गत 9 जून को हुई भीषण अग्निकांड की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने प्रभावित बाजार का दौरा कर दुकानदारों से संवाद किया तथा दुकानों को हुए नुकसान का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अग्निकांड में मृतक अमन कुमार पुत्र जगदीश, रोहित खुराना तथा कपिल कुमार के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आग से भारी नुकसान झेलने वाले प्रतिष्ठानों को भी मुख्यमंत्री राहत कोष से तत्काल सहायता दी जाएगी।

### नुकसान की भरपाई के लिए भी सीएम राहत कोष से मिलेगी सहायता

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना में प्रभावित दिल्ली शूज के संचालक अमरजीत सिंह पुत्र रामप्रकाश को 5 लाख रुपये, रोहतक शूज कंपनी के संचालक सतीश कुमार पुत्र भूप सिंह को 5 लाख रुपये, शूज प्लाजा से गीता रानी पत्नी जय किशन को 5 लाख रुपये, रीगल शूज से इंदु जुनेजा पत्नी राजेश जुनेजा को 5 लाख रुपये, शिव जनरल स्टोर के नवनीत जुनेजा पुत्र हरीश कुमार को 5 लाख रुपये, बिंदु जनरल स्टोर के संचालक देशबंधु जैन पुत्र प्रकाशचंद जैन को 5 लाख रुपये, फुटलुक फुटवेयर के संचालक अशोक कुमार जैन को 5 लाख रुपये तथा कैलाश बूट हाउस के संचालक प्रियांशु कालड़ा पुत्र कैलाशचंद को 5 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी।

### प्रभावित रेहड़ी-फड़ी वालों की भी मदद

सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि आनंद फ्रूट जूस की संचालिका मीना कुमारी पत्नी टेकचंद तथा सहगल फ्रूट जूस के संचालक मुकेश पुत्र अशोक कुमार को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेहड़ी एवं छोटे कारोबारियों को भी राहत प्रदान की जाएगी। अन्नपूर्णा भोजनालय (रेहड़ी रोटी परांठा) को 50 हजार रुपये, किचन ऑन व्हील्स के संचालक गौरव पुत्र सतीश कुमार को 50 हजार रुपये तथा क्लॉथ खोखा एवं नारियल पानी के संचालक नीरज पुत्र दर्शन सिंह को 50 हजार रुपये की सहायता मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रदान की जाएगी। -पेज 12 भी देखें

# तूफान में उड़ा शहर का चैन

## 17 खंभे उखड़े, लाइनों पर गिरे पेड़, घंटों तक गुल रही बिजली
## कई घरों के शेड उड़े, खुले में रखे कपड़ों और सामान को नुकसान
## सड़क किनारे लगे होर्डिंग, बोर्ड व अस्थायी ढांचे भी दूर तक जा गिरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सोमवार को चली तेज आंधी ने शहर की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह झकझोर कर रख दिया। तेज हवाओं के कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली के 17 पोल धराशायी हो गए, जिससे कई इलाकों में करीब चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। अचानक गुल हुई बिजली के कारण लोगों को गर्मी और उमस के बीच भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं बिजली निगम की टीमें देर रात तक मरम्मत कार्य में जुटी रहीं। वहीं, मदवि में भी पेड़ गिरे है।

तेज आंधी के चलते सबसे अधिक असर सेक्टर-2, किला रोड, गांधी कैंप, बाबरा मोहल्ला और देव कॉलोनी क्षेत्र में देखने को मिला। कई स्थानों पर बिजली के खंभे गिरने से तार टूट गए और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। बिजली गुल होने से घरों, दुकानों और छोटे कारोबारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कुछ इलाकों में टीन शेड और होर्डिंग भी उड़ गए, जिससे बिजली व्यवस्था को अतिरिक्त नुकसान पहुंचा।



### यातायात भी रहा अवरुद्ध

आंधी के कारण शहर की प्रमुख सड़कों, कॉलोनियों और आंतरिक मार्गों के अलावा बस स्टैंड क्षेत्र, राजीव गांधी खेल स्टेडियम रोड, हुडा सिटी पार्क, आईएमटी क्षेत्र और सोनीपत रोड पर सेक्टर-2 पार्ट के सामने कई स्थानों पर पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए, जिससे यातायात बाधित हो गया। दोपहिया वाहन चालकों को अचानक रुककर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी, जबकि चारपहिया वाहन भी पेड़ों की टहनियों और उड़ते मलबे के कारण जाम में फंस गए। बाजार क्षेत्रों में भी आंधी का असर साफ दिखाई दिया। दुकानदारों ने तेज हवाओं के चलते तुरंत दुकानें बंद करने या शटर आधे गिराने पर मजबूरी जताई। वहीं, सर्कुलर रोड पर बिजली का पोल गिरने से बिजली बाधित हो गई।

### पेड़ गिरने से वाहन हुए क्षतिग्रस्त

आंधी के दौरान पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (पीजीआई) परिसर में एक बड़ा हादसा टल गया। रणवीर सिंह ओपीडी के पीछे स्थित पार्किंग क्षेत्र में सफेदे का एक पेड़ अचानक गिर गया, जिससे वहां खड़ी एक मोटरसाइकिल उसकी चपेट में आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, मोटरसाइकिल पीजीआई में कार्यरत एक डॉक्टर की थी। डॉक्टर कुछ देर पहले ही अपनी बाइक पार्किंग में खड़ी कर रणवीर सिंह ओपीडी में ड्यूटी के लिए गए थे। सूचना मिलने पर संबंधित विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पेड़ को हटाने का कार्य शुरू किया।

### जानिए... कैसा रहेगा मौसम

आईएमडी के मुताबिक यह बदलाव प्री-मानसून गतिविधियों का हिस्सा है, जिसमें तेज हवाएं और अचानक आंधी-तूफान की स्थिति बनती है। उन्होंने आने वाले दिनों में भी गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है तथा लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। आंधी थमने के बाद नगर निगम और संबंधित विभागों की टीमें सड़कों से गिरे पेड़ों और टहनियों को हटाने में जुट गईं, ताकि यातायात व्यवस्था को सामान्य किया जा सके। देर शाम तक कई क्षेत्रों में सफाई और मरम्मत कार्य जारी रहा।




### बिजली निगम की टीमों ने मोर्चा संभाल बहाल की आपूर्ति

आंधी थमने के तुरंत बाद बिजली निगम की कई टीमें फील्ड में उतार दी गईं। कर्मचारियों ने रात तक क्षतिग्रस्त पोल और तारों की मरम्मत का कार्य किया। अधिकारियों के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया गया। बिजली बाधित होने से लोगों को पेयजल आपूर्ति, घरेलू उपकरणों और इंटरनेट सेवाओं में भी परेशानी हुई। हालांकि अधिकांश क्षेत्रों में करीब चार घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। बिजली निगम के एसई, बिजेंद्र नरवाल ने बताया कि आंधी से कई क्षेत्रों में बिजली पोल और लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं। निगम की टीमों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य शुरू किया और प्राथमिकता के आधार पर बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

**ईस्माइला 9बी में वारदात**

# सिर काट जलघर के टैंक में फेंका युवक का शव




- एफएसएल टीम ने जुटाए अहम साक्ष्य, बनियान, चप्पल और टूटी शराब की बोतल मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

गांव ईस्माइला 9बी स्थित जलघर परिसर में सोमवार सुबह एक युवक का सिर कटा शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव निवासी 26 वर्षीय नीरज पुत्र दिलबाग के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर सांपला थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू कर दी।

ग्रामीणों ने जलघर की डिग्गी में शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि नीरज की तेजधार हथियार से गर्दन काटकर हत्या की गई। घटनास्थल पर सिर व धड़ अलग मिले हैं। मौके से मृतक की बनियान, चप्पलें तथा शराब की टूटी बोतल भी बरामद हुई हैं, जिन्हें जांच के लिए कब्जे में लिया गया है। एफएसएल टीम की डॉ. सरोज दहिया ने घटनास्थल से खून के नमूने सहित अन्य साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर हत्या के कारणों और आरोपियों की तलाश में जुटी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। नीरज दिहाड़ी मजदूरी करता था और अविवाहित था। चार भाई-बहनों में वह दूसरे नंबर पर था। जबकि उससे बड़ा-छोटा भाई व सबसे छोटी बहन है। परिवार में मातम का माहौल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गहरी रंजिश का शक विशेष टीम गठित

हत्या जिस बर्बरता से की गई है, उससे गहरी रंजिश की आशंका जताई जा रही है। शव को ठिकाने लगाने के लिए जलघर की डिग्गी में फेंका गया, जिससे वारदात के सुनियोजित होने की संभावना है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी राकेश मलिक के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित की गई है। सीआईए और अन्य पुलिस टीमें विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही हैं। वहीं जलघर में चौकीदारों की अनुपस्थिति को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# भाई की हत्या का बदला लेने निकले थे तीन शूटर, पुलिस ने पहले ही दबोचे

## 4-5 हत्याओं को अंजाम देने की फिराक में थे, बड़ी वारदात टली
## 6 पिस्तौल, 80 कारतूस व 6 मैगजीन बरामद, 5 दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाई की हत्या का बदला लेने की आग में सुलग रहे तीन युवक रोहतक में खूनी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे, लेकिन इससे पहले ही सीआईए-2 की टीम ने उन्हें दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से 6 पिस्तौल, 80 जिंदा कारतूस और 6 मैगजीन बरामद की गई हैं। डीएसपी दलीप सिंह ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वशं पुत्र देवेन्द्र निवासी भैयापुर लाढौत, आकाश पुत्र कृष्ण निवासी झरोठी (सोनीपत) व खरावड़ के साहिल पुत्र जितेन्द्र के रूप में हुई है।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी गांव धामड़ और बोहर के कुछ लोगों को निशाना बनाने की फिराक में थे। पुलिस के अनुसार, एक आरोपी अपने भाई की हत्या का बदला लेना चाहता था। इसी रंजिश के चलते तीनों हथियारों से लैस होकर वारदात की तैयारी कर रहे थे। पुलिस का दावा है कि समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो जिले में गैंगवार जैसी बड़ी घटना हो सकती थी। आरोपियों से पूछताछ में 4-5 हत्या की वारदातों की योजना होने के संकेत मिले हैं। तीनों को अदालत में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



### गुप्त सूचना ने बचाई कई जिंदगियां

सीआईए-2 इंचार्ज सतीश कादयान के नेतृत्व में तैनात एएसआई संतराम की टीम को सूचना मिली थी कि कुछ युवक हथियारों के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने लाढौत रोड क्षेत्र में नाकाबंदी कर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान तीनों आरोपियों को काबू कर लिया गया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस बरामद हुए।

### इसलिए थी रंजिश

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी आकाश अपने भाई अरुण की हत्या को लेकर रंजिश रखता था। इसी रंजिश के चलते वह अपने रिश्तेदार और दोस्तों के साथ मिलकर बदला लेने की योजना बना रहा था। पुलिस का मानना है कि आरोपी लंबे समय से वारदात की तैयारी में जुटे हुए थे।

### रिश्तेदार-दोस्त हैं आरोपी

डीएसपी दलीप सिंह के अनुसार आरोपी साहिल, आकाश की बुआ का बेटा है और दोनों आपस में रिश्तेदार हैं। वहीं तीसरा आरोपी वंश करीबी दोस्त है। तीनों हत्या की साजिश को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस अब इनकी योजना के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

### हथियार कहां से आए, पुलिस जोड़ रही कड़ियां

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों तक इतने हथियार कैसे पहुंचे और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी साहिल के खिलाफ पहले से मारपीट और झगड़े के तीन मामले दर्ज हैं। डीएसपी दलीप सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को हथियारों सहित गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी रंजिश के चलते हत्या की वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। रिमांड के दौरान उनसे गहन पूछताछ की जा रही है।

## राशन डिपो का झांसा दे 73 हजार की ठगी, गिरोह का सदस्य धरा

**रोहतक।** सरकारी राशन डिपो आवंटित कराने का झांसा दे 73 हजार रुपये से अधिक की ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की भी तलाश कर रही है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि गांव गढ़ी खेड़ी निवासी नरेन्द्र की शिकायत पर थाना बहुअकबरपुर में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 2 जनवरी को उसके पास एक फोन कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को डीसी कार्यालय का कर्मचारी बताते हुए गांव में सरकारी राशन डिपो दिलाने का दावा किया। आरोपी ने सरकारी प्रक्रिया का हवाला देकर उसे विश्वास में ले लिया और विभिन्न बहानों से पैसे जमा करवाने शुरू कर दिए। डिपो मिलने की उम्मीद में नरेन्द्र ने अलग-अलग माध्यमों से कुल 73,300 रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में ठगी का अहसास होने पर उसने पुलिस में शिकायत दी। जांच के दौरान पुलिस ने झज्जर के भापड़ौदा निवासी राहुल को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जारी है।

# शिमला के सरस्वती पैराडाइज स्कूल की संचालिका मनीषा मित्तल के दोनों हत्यारोपी रोहतक से पकड़े

- एक आरोपी झज्जर के दुजाना और दूसरा सुनारियां का रहने वाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिमला के चर्चित सरस्वती पैराडाइज स्कूल संचालिका मनीषा मित्तल हत्याकांड में शिमला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दोनों शूटरों को रोहतक से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल दो पिस्तौल भी बरामद की हैं। एएसपी अभिषेक ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर झज्जर के दुजाना निवासी आशीष अहलावत (22) और रोहतक के सुनारियां निवासी दीपक (25) को गिरफ्तार किया गया।

दोनों आरोपी सफेद स्विफ्ट कार में शिमला पहुंचे थे और पहचान छिपाने के लिए हरियाणा की कार पर हिमाचल प्रदेश की फर्जी नंबर प्लेट लगा रखी थी। पुलिस मंगलवार को दोनों को अदालत में पेश कर रिमांड मांगेगी। मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच जारी है।

**खास बातें**
- दो पिस्तौल बरामद, अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच जारी।
- सीसीटीवी, फॉरेंसिक और डिजिटल साक्ष्यों से पुलिस आरोपियों तक पहुंची।
- शनिवार को स्कूल के बाहर मनीषा मित्तल की गोली मारकर हत्या की गई थी।
- स्कूल प्रबंधन को लेकर भाई से विवाद और पति के साथ पारिवारिक विवाद भी जांच के दायरे में।
- फर्जी नंबर प्लेट से मिले सुराग ने पूरी गुत्थी सुलझाने में अहम भूमिका निभाई।

**मुद्दा** | अग्निकांड के बाद दहशत में व्यापारी, नगर निगम से कब्जे हटाने की आस

# शहर के विकास और रफ्तार को रोक रहा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीपार्क में मंगलवार को हुए भीषण अग्निकांड ने शहर की फायर सेफ्टी व्यवस्था व अतिक्रमण की समस्या को एक बार फिर उजागर कर दिया है। इस हादसे में 12 दुकानें जलकर राख हो गईं और तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद शहर के विभिन्न बाजारों के व्यापारी भय के माहौल में हैं और निगम से बाजारों व सड़कों पर फैले अतिक्रमण को तत्काल हटाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि अतिक्रमण ने शहर के विकास और रफ्तार को रोका हुआ है।



### प्रमुख बाजारों और व्यस्त क्षेत्रों में संकरी हो गई गलियां

सिटी पल्स

व्यापारियों का कहना है कि शहर के प्रमुख बाजारों और व्यस्त क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण के कारण सड़कें और गलियां संकरी हो गई हैं, जिससे फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस जैसी आपात सेवाओं को समय पर पहुंचने में परेशानी होती है। डी पार्क हादसे के बाद यह चिंता और बढ़ गई है। व्यापारियों ने बाजारों में अग्निशमन सुविधाओं की कमी पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कई स्थानों पर पानी के कनेक्शन तक उपलब्ध नहीं हैं। डी पार्क, गांधी कैंप, रेलवे रोड, शौरी मार्केट, झज्जर रोड और अन्य प्रमुख बाजारों में वर्षों से अतिक्रमण की समस्या बनी हुई है। व्यापारियों ने नियमित अभियान, सख्त निगरानी और स्थायी समाधान की मांग की है।

### नियमित कार्रवाई करे प्रशासन



शहर के अधिकांश बाजारों में अतिक्रमण के कारण सड़कें संकरी हो चुकी हैं। यदि किसी बाजार में आग लग जाए या कोई अन्य आपदा आ जाए तो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके तक पहुंचने में भारी परेशानी होती है। प्रशासन को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अतिक्रमण हटाने की नियमित कार्रवाई करनी चाहिए।
-अनिल भाटिया, व्यापारी नेता

### सुरक्षा व्यवस्था होना जरूरी



अग्निकांड के बाद व्यापारी डरे हुए हैं। बाजारों में पर्याप्त रास्ते और सुरक्षा व्यवस्था होना जरूरी है। नगर निगम और प्रशासन को मिलकर अतिक्रमण हटाने की ठोस योजना बनानी चाहिए ताकि किसी भी आपात स्थिति राहत और बचाव कार्य तेजी से किया जा सके।
-अजय धनखड़, प्रधान, डी पार्क मार्केट एसोसिएशन

### समय रहते कदम उठाएं



अतिक्रमण केवल यातायात की समस्या नहीं है, बल्कि यह लोगों की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ विषय है। डी पार्क जैसी घटनाएं चेतावनी हैं कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में और बड़े हादसे हो सकते हैं। बाजारों को सुरक्षित बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाना चाहिए।
**-गुलशन ढंग,** व्यापारी नेता

### विधायक बत्रा ने अधिकारियों को दिया एक सप्ताह का अल्टीमेटम, वरना देंगे धरना

# माल गोदाम रोड के सीवर गोबर से जाम, सड़कों पर बह रही गंदगी, व्यापारी और राहगीर परेशान

बदबू, जाम व फिसलन के कारण लोगों का आना-जाना मुश्किल

- सड़क से सदन तक समस्या के समाधान के लिए लड़ाई लड़ेंगे




रोहतक। माल गोदाम रोड का निरीक्षण करते विधायक भारत भूषण बत्रा ,शोरी क्लॉथ मार्केट के प्रधान गुलशन ईस्पुनियानी, कांग्रेस शहरी प्रधान कुलदीप केडी,सुनील बल्ली व दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माल गोदाम रोड पर सीवर जाम होने और सड़कों पर गोबर बहने से व्यापारियों की परेशानी बढ़ रही है। बदबू, जाम और फिसलन के कारण लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है, जिससे व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। एक बार फिर विधायक भारत भूषण बत्रा ने मौके पर पहुंचकर सड़क के दोनों ओर स्थित व्यापारियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों से फोन पर बात भी की और व्यापारियों को स्पष्ट कहा कि सड़क से लेकर सदन तक इस समस्या के समाधान के लिए लड़ाई लड़ेंगे। माल गोदाम रोड पहुंचे विधायक भारत भूषण बत्रा को व्यापारियों ने दिखाया कि कैसे सड़क के दोनों और गोबर की मोटी मोटी परतें जमा है और सड़क के बीच में गोबर का पानी बह रहा है।

### डेयरी मालिक गोबर निपटान प्रबंधन खुद करे, दूसरों के लिए दिक्कत न बने

विधायक बत्रा ने कहा कि प्रशासन डेयरी संचालकों से बात करें कि वे अपने गोबर का प्रबंध स्वयं करें, डेयरी से बहने वाले गोबर से दूसरों को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो डेयरियां गोबर को नालों में बहाकर सीवर व्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं, उन्हें समझाया जाये या फिर नोटिस देकर कड़ी कार्रवाई की जाए। बत्रा ने कहा कि रोजाना सड़कों पर बह रहे गोबर के कारण माल गोदाम रोड और साथ लगती शोरी क्लॉथ मार्केट की स्थिति बदतर हो चुकी है। लोग सड़क पर फिसलकर गिर रहे हैं, यातायात प्रभावित हो रहा है और पूरे क्षेत्र में बदबू फैल रही है।

विधायक बत्रा ने तुरंत जिला उपायुक्त और नगर निगम कमिश्नर से फोन पर बातचीत कर कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि इस समस्या का स्थाई समाधान किया जाए और एक सप्ताह के भीतर ठोस कार्रवाई दिखाई देनी चाहिए।

1 कांग्रेस के समय बनाई बेहतरीन सड़क आज भाजपा सरकार की अनदेखी के कारण बदहाल

2 विधायक ने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं

### व्यापारियों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं जरूरत पड़ी तो धरने पर बैठेंगे

विधायक भारत भूषण बत्रा ने फोन पर अधिकारियों से बात करते हुए उन्हें एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि तय समय में समाधान नहीं हुआ तो वे व्यापारियों के साथ सड़क पर धरना देने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय बनाई गई यह बेहतरीन सड़क आज भाजपा सरकार की अनदेखी के कारण बदहाल हो चुकी है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वह उन्हें इस इलाके की वीडियो और फोटोग्राफ्स भी भेज रहे हैं। हालांकि, जिला उपायुक्त और नगर निगम कमिश्नर ने फोन पर बातचीत के दौरान समस्या के समाधान और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### ये रहे मौजूद

माल गोदाम रोड पर विधायक भारत भूषण बत्रा के निरीक्षण के दौरान कृष्ण ऑयल मिल पर व्यापारियों ने उन्हें समस्याओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर शोरी क्लॉथ मार्केट के प्रधान गुलशन ईस्पुनियानी, कांग्रेस शहरी प्रधान कुलदीप केडी, सुनील बल्ली, राजेश मित्तल, रमेश बोहर वाले, अजेश गुप्ता सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।



## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप में 260 ग्रामीणों को मिला लाभ

### केवीएम अस्पताल ने डीघल में लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से केवीएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा रविवार को ग्राम डीघल में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 260 मरीजों ने अपनी सेहत की जांच कराई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया।

शिविर में मुख्य रूप से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल वर्मा ने 125 मरीजों, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुचिता दहिया ने 75 महिलाओं और जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. सोहैल ने 60 मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच कर उचित मार्गदर्शन दिया। इस दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ. गौरव भी मौजूद रहे।

शिविर में मरीजों को निःशुल्क जांच और चिकित्सकीय परामर्श के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया। ग्रामीणों ने गांव में ही विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल प्रबंधन व डॉक्टरों का आभार जताया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी शिविर लगाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## न्यूज डायरी



### संकट मोचन मंदिर में सोमावती अमावस्या पर हवन और सत्संग

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में सोमवार को सोमावती अमावस्या के पावन अवसर पर भव्य हवन और सत्संग का आयोजन किया गया। ब्रह्मलीन गुरुमां साध्वी गायत्री के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी और भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुतियां डालकर अपनी मनोकामनाएं मांगी। इसके बाद पंडित अशोक शर्मा द्वारा महाआरती की गई और भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर के सचिव गुलशन भाटिया ने इस कार्यक्रम की जानकारी सांझा की। इस अवसर पर साध्वी मानेश्वरी देवी ने सत्संग के दौरान सोमावती अमावस्या का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में इस दिन पवित्र नदियों में स्नान और पितरों के निमित्त तर्पण करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। साथ ही सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। हवन के वैज्ञानिक लाभ बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें प्रयुक्त कपूर, लौंग, घी और आम की लकड़ी के धुएं से वातावरण शुद्ध होता है और हानिकारक जीवाणु नष्ट होते हैं, जो सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

### भांजी लापता, मामा ने दर्ज करवाई शिकायत

**रोहतक।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र से एक 22 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव चांदी निवासी करण सिंह ने बताया कि उसकी 22 वर्षीय भांजी करीब एक सप्ताह पहले उनके घर आई हुई थी। 13 जून को वह बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई। काफी देर तक उसके वापस न लौटने पर परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी तलाश शुरू की। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में युवती की तलाश कर रही है।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर पंच तीर्थ पर निकले जत्थे का भव्य स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




रोहतक। डॉ. भीमराव आंबेडकर की पंच तीर्थ यात्रा के साथ पूर्व सहकारिता एवं शहरी निकाय मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, रोहतक नगर निगम के मेयर राम अवतार वाल्मीकि तथा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल। फोटो : हरिभूमि

पंजाब से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर की पंच तीर्थ यात्रा के तहत 135 सदस्यों का जत्था विभिन्न ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी स्थलों के दर्शन हेतु रवाना हुआ यह जत्था जब रोहतक पहुंचा तो खरावड बाईपास पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर हरियाणा सरकार के पूर्व सहकारिता एवं शहरी निकाय मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, रोहतक नगर निगम के मेयर राम अवतार वाल्मीकि तथा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल सहित अनेक भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सभी का अभिनंदन किया।

मीडिया से बातचीत करते हुए नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों को विकसित कर उन्हें पंच तीर्थ के रूप में स्थापित किया है। इससे देशभर के लोगों को बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके विचारों को निकट से जानने और समझने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बाबा साहेब के सम्मान में किए गए कार्य सामाजिक समरसता और संविधान के प्रति जन-जागरूकता को मजबूत करने वाले हैं।

## स्व.लक्ष्मी चंद गुप्ता केवल व्यापार मंडल के संस्थापक नहीं बल्कि हर व्यापारी के संघर्ष के साथी-मार्गदर्शक थेः सिक्का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष, स्वतंत्रता सेनानी एवं व्यापारी आंदोलन के पुरोधा स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता की 22वीं पुण्यतिथि पीजीआईएमएस में श्रद्धा, सम्मान एवं सेवा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सती भाई साई दास सेवा दल के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें 1000 से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने लक्ष्मी चंद गुप्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यापारी हितों, लोकतंत्र और समाज सेवा के लिए किए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा व्यापार मंडल जिला रोहतक के प्रधान राकेश सिक्का ने की। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी चंद गुप्ता केवल व्यापार मंडल के संस्थापक नहीं थे, बल्कि हर व्यापारी के संघर्ष के साथी और मार्गदर्शक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन व्यापारी समाज को संगठित करने, उनके अधिकारों की रक्षा करने तथा समाजहित के कार्यों के लिए समर्पित कर दिया। इस अवसर पर हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विजय लक्ष्मी चंद गुप्ता ने कहा कि लक्ष्मी चंद गुप्ता ने हमेशा व्यापारियों को एकता की शक्ति का महत्व समझाया।



### ये रहे मौजूद

महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी महाराज, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, मनमोहन गोयल, राकेश, रोहतास, संदीप, कांति शर्मा, विक्की शर्मा, संजय, नीरज बंसल, कुलवंत राय, अतुल जैन, भजन लाल, ललित, बृज किशोर, मनीष, नवीन, साहिल गुप्ता, राज गुप्ता, नैंसी, आयांश सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




### मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंचा : रणवीर ढाका

**रोहतक।** केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल के दौरान सेवा, सुशासन और जनकल्याण के स्वर्णिम अध्याय विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका, जिला परिषद चेयरपर्सन मंजू हुड्डा सहित कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आया है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की भावना के साथ सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं।

### नौ आपराधिक वारदात में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सीआईए-1 बहादुरगढ़ ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी से देशी पिस्तौल व 1 कारतूस बरामद हुआ है। जगरतपुर-बुपनिया रोड से काबू किए गए आरोपी की पहचान मनजीत के रूप में हुई है। वह बुपनिया का रहने वाला है। पुलिस को सूचना थी कि वह किसी वारदात को अंजाम देने की मंशा से खड़ा है। इससे पहले ही उसे काबू कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ बादली थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि आरोपी कई वारदातों में संलिप्त रहा है।

## जितेन्द्र हत्याकांड के 3 आरोपी मुंबई से गिरफ्तार

### हत्या के मामले में वांछित नाबालिग व विशाल पर था 25-25 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पुलिस की एक टीम द्वारा डीघल गांव में हुए जितेंद्र हत्याकांड मामले में कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि मृतक के भाई सोमवीर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया था।

उन्होंने बताया कि सीआईए-टू बहादुरगढ़ प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, गुप्त सूचनाओं तथा वैज्ञानिक जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को मुंबई से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान दीपांशु उर्फ डाबोदिया निवासी डाबोदा खुर्द तथा विशाल उर्फ हनुमानगढ़िया निवासी गांव कलाना, जिला हनुमानगढ़ राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए मुंबई भाग गए थे, जहां वे लगातार अपनी पहचान छिपाकर रह रहे थे। जांच में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी विशाल उर्फ हनुमानगढ़िया के विरुद्ध हरियाणा एवं राजस्थान में हत्या, रंगदारी, अवैध हथियार रखने तथा संगठित अपराध से जुड़े छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं आरोपी दीपांशु उर्फ डाबोदिया के खिलाफ भी हत्या सहित अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। तीसरे नाबालिग आरोपी पर भी राजस्थान और हरियाणा में गंभीर आपराधिक मामलों में संलिप्तता पाई गई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विशाल उर्फ हनुमानगढ़िया तथा नाबालिग आरोपी राजस्थान के एक हत्या के मामले में वांछित चल रहे थे, जिन पर राजस्थान पुलिस द्वारा 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।



झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ।

### विजय के बेटे सुनील को मारने आया था इंद्रपाल

**झज्जर।** दुजाना क्षेत्र में रविवार की शाम एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में ढेर हुआ कुख्यात आरोपी इंद्रपाल विजय सैनी के पुत्र सुनील को मारने के लिए गांव पहुंचा था। पुलिस के अनुसार इंद्रपाल दोहरे हत्याकांड में वांछित था और उसके दुजाना क्षेत्र में आने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर एसटीएफ की टीम ने नहर के पास घेराबंदी की। करीब आठ बजे संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर पुलिस ने उसे रुकने और आत्मसमर्पण करने को कहा, लेकिन आरोपी ने खुद को इंद्रपाल बताते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पहली गोली एसटीएफ कर्मी सचिन की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी।

**मुस्तैदी** पैक्स समितियों और सहकारी बैंकों के बीच समन्वय करने के प्रयास शुरू

# खरीफ सीजन में यूरिया-डीएपी को लेकर प्रशासन सतर्क

- खाद के वितरण तंत्र और किसानों तक समय पर उर्वरक पहुंचाने की चुनौतियों का विश्लेषण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में खरीफ सीजन के दौरान यूरिया और डीएपी को लेकर सहकारी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में पैक्स समितियों और सहकारी बैंकों के बीच समन्वय करने के प्रयास शुरू हो गए हैं। एक मीटिंग में सहकारी ढांचे की मौजूदा स्थिति, खाद के वितरण तंत्र और किसानों तक समय पर उर्वरक पहुंचाने की चुनौतियों का विश्लेषण किया गया। खरीफ सीजन को देखते हुए यह चिंता भी सामने आई कि यूरिया और डीएपी जैसी प्रमुख उर्वरकों की मांग इस समय तेजी से बढ़ती है, जिससे आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव बन सकता है। ऐसे में पैक्स समितियों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

### खाद स्टॉक का बड़ा हिस्सा पैक्स समितियों के माध्यम से किसानों तक पहुंचना चाहिए

चर्चा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जिले में उपलब्ध खाद स्टॉक का बड़ा हिस्सा पैक्स समितियों के माध्यम से सीधे किसानों तक पहुंचना चाहिए, ताकि ग्रामीण स्तर पर वितरण व्यवस्था मजबूत हो सके और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या कमी की स्थिति से बचा जा सके। साथ ही यह भी सुझाव दिया गया कि पैक्स समितियां सीजन की वास्तविक मांग पहले से तैयार कर सहकारी बैंकों को भेजें, ताकि आपूर्ति योजना समय पर बनाई जा सके। अधिकारियों के अनुसार कृषि कार्यों में समय पर खाद-बीज उपलब्ध होना बेहद जरूरी है, क्योंकि बुवाई के समय थोड़ी भी देरी फसल उत्पादन को प्रभावित कर सकती है। खासकर खरीफ सीजन में धान, कपास और अन्य फसलों के लिए यूरिया और डीएपी की मांग अचानक बढ़ जाती है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है।

### रासायनिक खाद के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होगी

बैठक में उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर भी जोर दिया गया। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि अत्यधिक रासायनिक खाद के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है और लंबे समय में उत्पादन क्षमता पर भी असर पड़ता है। इसलिए किसानों को जागरूक करने और उन्हें वैज्ञानिक तरीके से उर्वरक उपयोग के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता बताई गई। मीटिंग में सहकारी बैंक और पैक्स समितियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने को आपूर्ति व्यवस्था की रीढ़ बताया गया। इससे न केवल वितरण प्रक्रिया में तेजी आएगी बल्कि किसानों को समय पर आवश्यक कृषि सामग्री उपलब्ध कराई जा सकेगी। बैठक में डॉ. मोहित ने लाइसेंस नवीनीकरण और खाद-बीज की उपलब्धता से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई, ताकि किसी भी स्तर पर प्रशासनिक देरी के कारण आपूर्ति बाधित न हो। अंत में सहकारी तंत्र को अधिक मजबूत और किसान-केंद्रित बनाने पर सहमति जताई गई।

### समितियां अपनी खाद-बीज की मांग समय पर भेंजे

सरकार की हिदायतों के अनुसार जिले में प्राप्त हो रहे खाद के स्टॉक का 60 प्रतिशत हिस्सा पैक्स एवं सहकारी समितियों को उपलब्ध कराया जाएगा तथा इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही सहन नहीं होगी। सभी पैक्स समितियां सीजन के अनुसार अपनी खाद-बीज की मांग सहकारी बैंक के माध्यम से समय पर भेजें ताकि किसानों को समय पर कृषि सामग्री उपलब्ध हो सके।

-डॉ. दिनेश शर्मा
गुण नियंत्रक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रोहतक

## महिला से दुष्कर्म व ब्लैकमेलिंग के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर सत्ताईस थाना पुलिस ने एक महिला के साथ दुष्कर्म करने और उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान दिलशाद निवासी भट्ठा कॉलोनी, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश और शावेज अली निवासी हरिद्वार, उत्तराखंड के रूप में हुई है।

पुलिस ने दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सोनीपत की रहने वाली एक महिला ने उन्नीस मई को सेक्टर सत्ताईस थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि उसका परिचित दिलशाद उसे अच्छी तरह जानता था और उसने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

इस घिनौने कृत्य के बाद दिलशाद का दोस्त शावेज अली भी इस अपराध में शामिल हो गया। दोनों आरोपित पीड़िता की आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने और उसके पति व परिजनों को भेजने की धमकी देने लगे। ब्लैकमेलिंग के इस खेल में दोनों आरोपितों ने मिलकर पीड़िता से मोटी रकम की मांग की।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में 4397 आवेदन आए, बीबीए में सीटों के चार गुणा से ज्यादा आवेदन, तीन कोर्स में सीटों से भी कम

■ जिले के विभिन्न कॉलेजों में प्रवेश के इच्छुक छात्र उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल के माध्यम से आवेदन 31 मई तक कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक (यूजी) कक्षाओं में दाखिले के लिए आवेदन का अंतिम दिन सोमवार को था। जिले के विभिन्न कॉलेजों में प्रवेश के इच्छुक छात्र उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल के माध्यम से आवेदन 31 मई तक कर सकते हैं। राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक के प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने बताया कि कॉलेज में 13 कोर्स में 2400 सीट उपलब्ध है। अबतक कॉलेज में 4397 आवेदन आए है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में इस बार एमएससी केमिस्टी और एमएससी बॉटनी के कोर्स को अनुमति मिली है। बीबीए में सीटों के चार गुना से ज्यादा आवेदन आए है। वहीं, कुछ कोर्स ऐसे भी रहे जिनमें कुल सीटों से कम आवेदन आए हैं। इनमें बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन इकोनॉमिक्स में 80 सीटों पर कुल 71, बैचलर ऑफ कॉमर्स में 440 सीटों पर 415 और बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिक्ल साइंस में 280 सीटों पर 243 आवेदन आए। सांपला के शहीद राय सिंह राजकीय महाविद्यालय में कुल 480 आवेदन आए हैं।

मिशन एडमिशन


डॉ. शमशेर हुड्डा।

## राजकीय महिला महाविद्यालय

| कोर्स नाम | कुल सीट | कुल आवेदन |
|---|---|---|
| बैचलर ऑफ आर्ट | 800 | 1756 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन इकोनॉमिक्स | 80 | 71 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन अंग्रेजी | 80 | 160 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन हिंदी | 60 | 74 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन साइकोलॉजी | 60 | 166 |
| बीबीए | 60 | 252 |
| बीकॉम | 440 | 415 |
| बीसीए | 20 | 370 |
| बैचलर ऑफ होम साइंस | 40 | 40 |
| बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस | 240 | 564 |
| बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिक्ल साइंस | 280 | 243 |
| बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन गणित | 80 | 163 |
| बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन भौतिकी | 60 | 123 |

## रोहतक में 492 व कलानौर आईटीआई में 196 आवेदन

**रोहतक।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में नए शैक्षणिक सत्र के दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का सोमवार को अंतिम दिन रहा। आवेदन के आखिरी दिन संस्थानों में फॉर्म जमा करने के लिए विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखा गया। जिले के प्रमुख तकनीकी संस्थानों में सीटों के लिए मारामारी साफ नजर आई। हतक मुख्य आईटीआई में कुल 492 विद्यार्थियों ने आवेदन किया। राजकीय आईटीआई कलानौर में भी दाखिले को लेकर छात्रों में काफी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कलानौर संस्थान में कुल 196 विद्यार्थियों ने दाखिले के लिए आवेदन किया।

### कलानौर

| ट्रेड | कुल आवेदन |
|---|---|
| इलेक्ट्रिशियन | 88 |
| कंप्यूटर ऑपरेटर | 30 |
| मैकेनिक मोटर व्हीकल | 18 |
| आरएसी टेक्नीशियन | 11 |
| स्टेनोग्राफर हिंदी | 9 |
| वेल्डर | 8 |
| प्लंबर | 7 |
| मैकेनिक | 5 |
| ड्राफ्टसमैन | 5 |
| वुक वर्क | 4 |
| कॉस्मेटोलॉजी | 4 |
| ड्रेस मेकिंग | 3 |

आवेदन के आखिरी दिन संस्थानों में फॉर्म जमा करने के लिए विद्यार्थियों में भारी उत्साह दिखा

## खबर संक्षेप


**रोहतक।** पौधरोपण करते चिकित्सक टीम, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम व जनसेवा संस्थान के सदस्य। **फोटो : हरिभूमि**

### विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर पौधरोपण किया

**रोहतक।** विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनसेवा संस्थान में जागृति स्कीम-2025 के तहत वरिष्ठ जन अधिकार, सशक्तिकरण एवं गरिमा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें सामान्य अस्पताल की चिकित्सक टीम ने 75 वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की। इसमें रक्तचाप, शुगर सहित विभिन्न जांचें की गईं और आवश्यक परामर्श दिया गया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों और कानूनी संरक्षण की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने वृद्धजनों को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए उनके सम्मान और सुरक्षा पर जोर दिया। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसमें अधिकारियों एवं उपस्थित लोगों ने पौधे लगाकर हरित भविष्य का संकल्प लिया।

## अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम चयनित

# 20 खिलाड़ियों का चयन, इनमें प्रदेश के छह पहलवान शामिल

फ्रीस्टाइल में हरियाणा व ग्रीको रोमन में महाराष्ट्र का दबदबा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम के चयन ट्रायल्स सोमवार को सोनीपत स्थित साई सेंटर में आयोजित किए गए। देशभर से आए युवा पहलवानों ने विभिन्न भार वर्गों में अपनी प्रतिभा का दमदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए जोर आजमाइश की। ट्रायल्स के बाद फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन दोनों वर्गों में कुल 20 खिलाड़ियों का चयन किया गया। इनमें हरियाणा के छह पहलवानों ने भारतीय टीम में स्थान बनाकर प्रदेश का मान बढ़ाया।चयन परिणामों में एक बार फिर हरियाणा की कुश्ती परंपरा की झलक देखने को मिली। ग्रीको रोमन में 10 खिलाड़ियों में से एक हरियाणा का और फ्रीस्टाइल में 10 खिलाड़ियों में से पांच हरियाणा के हैं। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर ने चयनित सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि युवा पहलवानों का यह प्रदर्शन भारतीय कुश्ती के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि चयनित खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप में देश के लिए पदक जीतकर लौटेंगे। ग्रीको-रोमन शैली के मुकाबलों में महाराष्ट्र के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। महाराष्ट्र के सचिन शिरोले ने 45 किलोग्राम, अविनाश चेटक ने 48 किलोग्राम, धीरज धापले ने 51 किलोग्राम, दर्पन चौधरी ने 60 किलोग्राम और राजवर्धन पाटिल ने 92 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की की। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के हरिओम ने 55 किलोग्राम वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। दिल्ली के कुणाल डागर ने 65 किलोग्राम, पंजाब के प्रनाम सिंह ने 71 किलोग्राम और उत्तर प्रदेश के सूरज शर्मा ने 80 किलोग्राम वर्ग में बाजी मारी। हरियाणा को ग्रीको-रोमन शैली में एकमात्र सफलता 110 किलोग्राम हैवीवेट वर्ग में मिली, जहां हर्ष दलाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया और भारतीय टीम में स्थान बनाया।

### फ्रीस्टाइल में हरियाणा के 5 पहलवान

मेंस फ्रीस्टाइल स्पर्धा में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण पदक अपने नाम किए। 60 किलोग्राम भार वर्ग में सतिंदर ने प्रथम स्थान हासिल किया। 65 किलोग्राम वर्ग में कृष्ण ने अपने मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम में जगह बनाई। 71 किलोग्राम वर्ग में अनुज विजेता रहे, जबकि 92 किलोग्राम वर्ग में सक्षम ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। 110 किलोग्राम हैवीवेट वर्ग में आरुष ने स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय टीम में चयन सुनिश्चित किया। अन्य भार वर्गों में महाराष्ट्र के हनुमंत राजेंद्र ने 45 किलोग्राम, यूपी के आर्यन ने 48 किलोग्राम, दिल्ली के गोविंद ने 51 किलोग्राम, एसएससीबी के प्रथमेश ने 55 किलोग्राम और उत्तर प्रदेश के दीपांशु खोखर ने 80 किलोग्राम वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया।

### विश्व चैंपियनशिप में देश की उम्मीदें

चयन ट्रायल्स के दौरान खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कई मुकाबले बेहद रोमांचक रहे, जिससे स्पष्ट हुआ कि देश में युवा स्तर पर कुश्ती की प्रतिभा लगातार मजबूत हो रही है। चयनित खिलाड़ी अब आगामी अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। हरियाणा के छह खिलाड़ियों का टीम में चयन प्रदेश की मजबूत कुश्ती संस्कृति और उत्कृष्ट प्रशिक्षण व्यवस्था का प्रमाण माना जा रहा है। अब सभी की निगाहें विश्व चैंपियनशिप पर होंगी, जहां ये युवा पहलवान भारत के लिए पदक जीतने का प्रयास करेंगे।

## विश्वविद्यालय के विकास में शिक्षकों का बड़ा योगदान: वीसी


**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया, सेवानिवृत्त शिक्षक प्रतिनिधिमंडल प्रो. के. पीएस महलवार व प्रो. एसएस वर्मा। **फोटो : हरिभूमि**

■ कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल से संवाद में व्यक्त किए विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विश्वविद्यालय के विकास में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। सेवानिवृत्त शिक्षक समुदाय अपने शैक्षणिक ज्ञान तथा समृद्ध अनुभव से विश्वविद्यालय की प्रगति यात्रा में सहयोग दे सकते हैं। ये उद्गार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल से संवाद में व्यक्त किए। सोमवार को कुलपति कार्यालय में इस प्रतिनिधिमंडल ने प्रो. मिलाप पूनिया से औपचारिक भेंट की।

कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि विश्वविद्यालय में अनुकूल शैक्षणिक माहौल बनाने में शैक्षणिक गोष्ठियों के जरिए सार्थक संवाद किया जा सकता है। इस प्रकार का संवाद-गोष्ठी कार्यक्रम सेवानिवृत्त शिक्षक समुदाय आयोजित कर सकता है। विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा के जरिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन सेवानिवृत्त शिक्षक कर सकते हैं, ऐसा उनका कहना था।

सेवानिवृत्त शिक्षक प्रतिनिधिमंडल की ओर से प्रो. के. पी. एस. महलवार तथा प्रो. एस. एस. वर्मा ने कुलपति प्रो पूनिया को सेवानिवृत्त समुदाय की ओर विश्वविद्यालय प्रशासन को एमडीयू के विकास यात्रा में सहयोग का आश्वासन दिया। प्रो. महलवार तथा प्रो. वर्मा ने कहा कि शिक्षक समुदाय सदैव विश्वविद्यालय के हित में सेवा-सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सेवानिवृत प्राध्यापक प्रो. केपीएस महलवार, प्रो. अमर वर्मा, प्रो. संजू नंदा, प्रो. अंजू खन्ना, प्रो. तिलकराज, प्रो. राजकुमार और प्रो. हरीश कुमार उपस्थित रहे।

## एमडीयू में बीए इंग्लिश, बीबीए व बीएफए में प्रवेश के लिए परीक्षाएं


प्रवेश परीक्षा का दौरा करते चीफ कंसल्टेंट एग्जामिनेशन प्रो. महाबीर धनखड़।

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सोमवार को विभिन्न स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों- बीए (इंग्लिश), बीबीए तथा बीएफए (पेंटिंग) पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि और चीफ कंसल्टेंट एग्जामिनेशन प्रो. महाबीर धनखड़ ने परीक्षा केंद्रों का दौरा कर प्रवेश परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।बीए (इंग्लिश) में कुल 312 अभ्यर्थियों में से 223 उपस्थित रहे, जबकि 89 अनुपस्थित रहे। बीबीए पाठ्यक्रम में 661 अभ्यर्थियों में से 456 ने परीक्षा दी तथा 205 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं बीएफए (पेंटिंग) में कुल 203 अभ्यर्थियों में से 146 उपस्थित और 57 अनुपस्थित रहे। 16 जून को बीए इतिहास चार वर्षीय और एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

## नहरी पानी, मुआवजा और फसल बीमा मुद्दों पर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की

**रोहतक।** अखिल भारतीय किसान सभा रोहतक जिला इकाई की बैठक जसबीर स्मारक में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान सुनील मलिक ने की। बैठक में किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। और निर्णय लिया गया कि 18 जून को नहरी पानी की मांग को लेकर अधीक्षक अभियंता सिंचाई विभाग से मुलाकात की जाएगी। वहीं 25 जुलाई को जिला स्तरीय किसान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें किसानों की समस्याओं को व्यापक स्तर पर उठाया जाएगा। किसान नेताओं ने नहरी पानी की उपलब्धता, खाद की कमी, फसल बीमा योजना में सुधार, खरीफ 2025 के लंबित मुआवजे के भुगतान तथा पीएम किसान सम्मान निधि से जुड़े मामलों को प्रमुखता से उठाया। बैठक में यह भी मांग रखी गई कि मृतक किसानों के परिजनों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए तथा "मेरी फसल मेरा ब्यौरा" प्रणाली में सुधार कर पुरानी व्यवस्था बहाल की जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इसके साथ ही ग्रामीण स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया।



## एमडीयू संबद्ध सभी अनुदान प्राप्त कॉलेजों में शिक्षक पदोन्नति प्रक्रिया तेज

उच्चतर शिक्षा विभाग ने मांगे रिसर्च पेपर

■ सब्जेक्ट एक्सपर्ट समेत पांच सदस्यीय कमेटी लेगी शिक्षकों के पदोन्नति इंटरव्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) से संबद्ध सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों की वर्षों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया अब तेज हो गई है। विश्वविद्यालय स्तर पर पदोन्नति मामलों की स्क्रूटनी पूरी कर मसौदा उच्चतर शिक्षा विभाग को भेज दिया गया है। अब अंतिम निर्णय उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा लिया जाएगा कि पदोन्नति प्रक्रिया को कब आगे बढ़ाया जाए और इंटरव्यू कब हों। इंटरव्यू में कुलपति नॉमनी, एक सब्जेक्ट एक्सपर्ट, एक एससी/बीसी प्रतिनिधि, संबंधित कॉलेज प्रतिनिधि और उच्च शिक्षा विभाग एक नॉमनी शामिल होता है। उच्चतर शिक्षा विभाग ने हाल ही में एक नई शर्त जोड़ते हुए एमडीयू से उन सभी शिक्षकों के शोध पत्र (रिसर्च पेपर) उपलब्ध कराने को कहा है, जिनकी पदोन्नति प्रक्रिया शुरू की गई है। विभाग का मानना है कि पदोन्नति प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और शैक्षणिक गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों के शोध कार्यों का विस्तृत मूल्यांकन आवश्यक है। इसी आधार पर आगे की स्क्रीनिंग और इंटरव्यू प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस निर्देश के बाद महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने संबंधित सभी कॉलेजों से शिक्षकों के शोध पत्र, प्रकाशन रिकॉर्ड और अन्य शैक्षणिक उपलब्धियों का डेटा एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सभी दस्तावेजों का सत्यापन करने के बाद ही अंतिम सूची तैयार कर विभाग को भेजी जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, चूंकि ये सभी कॉलेज एमडीयू से संबद्ध हैं, इसलिए पदोन्नति से जुड़ी इंटरव्यू और स्क्रीनिंग प्रक्रिया भी विश्वविद्यालय स्तर पर ही आयोजित की जाएगी। जैसे ही उच्चतर शिक्षा विभाग से अंतिम अनुमति प्राप्त होगी, इंटरव्यू और मूल्यांकन की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू कर दी जाएगी।

### जिले के प्रमुख कॉलेज

रोहतक जिले में स्थित प्रमुख कॉलेजों में जाट कॉलेज, वैश्य महिला महाविद्यालय, वैश्य कॉलेज, हिंदू कॉलेज, गौड़ ब्राह्मण कॉलेज तथा संत जिंदा कल्याणा कॉलेज कलानौर सहित सोनीपत, झज्जर,फरीदाबाद, पलवल के कुल 22 कॉलेज शामिल हैं, जो सरकार से 95 प्रतिशत अनुदान प्राप्त करते हैं। इन कॉलेजों में तकरीबन 150 से अधिक शिक्षक लंबे समय से पदोन्नति प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं।

## नगराधीश ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया

# योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर : शुभम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की श्रृंखला के तहत सोमवार को सेक्टर-6 स्थित राजीव गांधी खेल परिसर में योगा मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगराधीश शुभम ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना कर किया। नगराधीश शुभम ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की तनावपूर्ण जीवनशैली में योग एक प्रभावी माध्यम है, जो व्यक्ति को स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देता है। नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक शांति एवं आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है।

नगराधीश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज विश्व के अनेक देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जाता है। उन्होंने युवाओं, विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने और 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। योगा मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने योग एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को योग के प्रति जागरूक करना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। जिले में योग दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, योग शिविर एवं जनसंपर्क गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है।


**रोहतक।** हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना करते नगराधीश शुभम।

### कार्यक्रम में ये मौजूद रहे

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजीव कुमार सैनी, सहायक शिक्षा अधिकारी संजय, आयुष विभाग से डॉ. ईशा, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. भूपेन्द्र, डॉ. सुमन, सत्यवान, पूजा, ट्रैफिक एसएचओ प्रवीन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया



**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा में "योग सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी" का गरिमामयी आयोजन किया गया। हरियाणा योग आयोग एवं उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, यह कार्यक्रम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. आशा ने छात्राओं को योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट वक्ता आयुष योग सहायक संजय सिंह ने योग के वैज्ञानिक व व्यावहारिक महत्व को समझाया। वहीं, डॉ. मधुबाला (सहायक प्राध्यापक, हिंदी) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में योग की भूमिका और भारतीय संस्कृति में इसके महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के सफल संचालन और मार्गदर्शन में संयोजक व खेल विभागाध्यक्ष सचिन दलाल की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर सभी प्राध्यापकों और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वस्थ, संतुलित जीवन के लिए नियमित योग अपनाने का संकल्प लिया।





# फायर ब्रिगेड व प्रशासन की सराहना

*सीएम नायब सैनी सोमवार को डी-पार्क पर अग्निकांड से प्रभावित दुकानदारों से मिलने पहुंचे। सीएम तीनों मृतकों के घर गए और परिवारों को सांत्वना दी। उन्होंने फायर ब्रिगेड विभाग, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की और कहा कि जब तक आग पूरी तरह नियंत्रित नहीं हुई, तब तक प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर डटी रहीं।*

## परिजनों को दी सांत्वना

**रोहतक।** सीएम नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार एसी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और अनेक प्रतिष्ठानों को चपेट में ले लिया। इस दुखद घटना में अमन कुमार, रोहित खुराना तथा कपिल कुमार की मृत्यु हुई है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए परमपिता परमात्मा से अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। वहीं मुख्यमंत्री ने फायर ब्रिगेड विभाग, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि आग लगने के तुरंत बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने लगभग छह से सात घंटे तक लगातार प्रयास कर आग पर काबू पाया। जब तक आग पूरी तरह नियंत्रित नहीं हुई, तब तक प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर डटी रहीं।





## ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मेयर राम अवतार वाल्मीकि, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, महंत बालक नाथ, उपायुक्त सचिन गुप्ता, पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, एएसपी आयुष यादव, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, नगराधीश शुभम, मुख्यमंत्री ओएसडी वीरेंद्र सिंह बड़खालसा, ओएसडी (प्रचार) गजेंद्र फौगाट, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका, , पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, रमेश भाटिया, सांपला मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदयभान मलिक, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, राजकुमार शर्मा, संजय, सुरेंद्र माडू, राजकुमार कपूर, कुलविंद्र सिंह सिक्का, डॉ दिनेश घिलौड़, नरेंद्र खट्टर, नागेन्द्र शर्मा, संजय परमार, सुरजीत, सत्यप्रकाश बिसला, एडवोकेट अनीता बुधवार सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।





## खबर संक्षेप

### मकड़ौली टोल के पास दो कार भिड़ी, एक घायल

**रोहतक।** मकड़ौली टोल प्लाजा के पास सोमवार सुबह दो कारों की जोरदार टक्कर में एक व्यक्ति घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने घायल की मदद की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग पर जा रहे थे, तभी टक्कर हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। यातायात कुछ समय बाधित रहा, जिसे बाद में सुचारू कर दिया गया।

### माल गोदाम रोड से बाइक चोरी, केस दर्ज

**रोहतक।** शहर में वाहन चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में माल गोदाम रोड से एक प्लैटिना मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एकता कॉलोनी निवासी सतबीर ने बताया कि वह 10 जून को बाइक लेकर माल गोदाम रोड गया था, जहां उसने वाहन खड़ा किया था। कुछ देर बाद लौटने पर बाइक गायब मिली।

**डी-पार्क अग्निकांड के बाद बिजली निगम अलर्ट : ट्रांसफार्मरों और मीटरों की गहन जांच शुरू**

# पूरे शहर का होगा ऊर्जा ऑडिट


**बिजली चोरी, लाइन लॉस और तकनीकी खामियों पर कसेगा शिकंजा और मानकों की होगी जांच**

**पुराने तार, जर्जर पोल और संवेदनशील क्षेत्रों में सुधारात्मक कार्रवाई तेज होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डी-पार्क में हुए भीषण अग्निकांड के बाद बिजली निगम एक्शन मोड में आ गया है। आग की इस घटना ने शहर की बिजली व्यवस्था की सुरक्षा और विश्वसनीयता को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इसी के मद्देनजर निगम ने पूरे शहर में विशेष ऊर्जा ऑडिट अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मरों, मीटरों और वितरण नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है ताकि भविष्य में किसी भी संभावित हादसे को रोका जा सके।

निगम की विशेष टीमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर बिजली आपूर्ति और खपत से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण कर रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि ऑडिट से न केवल बिजली व्यवस्था की वास्तविक स्थिति सामने आएगी बल्कि बिजली चोरी, लाइन लॉस और तकनीकी खामियों की भी पहचान हो सकेगी।




एआई जनरेटेड फोटो

### सामने आएंगी खामियां

ऊर्जा ऑडिट के दौरान फीडर से लेकर ट्रांसफार्मर और उपभोक्ता स्तर तक जांच की जाएगी। इससे पता लगाया जाएगा कि किन क्षेत्रों में बिजली का अनावश्यक नुकसान हो रहा है और कहां सुधार की जरूरत है।

### सुरक्षा भी प्राथमिकता

अभियान में केवल बिजली चोरी ही नहीं, बल्कि पुराने तार, जर्जर पोल और ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की भी जांच की जा रही है। खामियां मिलने पर तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली चोरी पर नजर

ऑडिट में बिजली आपूर्ति और बिलिंग आंकड़ों का मिलान किया जा रहा है। जहां बड़ा अंतर मिलेगा, वहां विशेष जांच होगी। इससे बिजली चोरी पकड़ने और राजस्व नुकसान कम करने में मदद मिलेगी।

### बेहतर आपूर्ति होगी

ऊर्जा ऑडिट से बिजली व्यवस्था की वास्तविक स्थिति सामने आएगी। इससे लाइन लॉस घटेगा, आपूर्ति मजबूत होगी और आगजनी जैसी घटनाओं की आशंका कम होगी।

### बिजली की कमियों को चिन्हित किया जा रहा, जहां दिक्कत होगी उसे ठीक करेंगे



ऊर्जा ऑडिट के माध्यम से बिजली व्यवस्था की कमियों को चिन्हित किया जा रहा है। जहां भी तकनीकी खामियां या सुरक्षा संबंधी समस्याएं सामने आएंगी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। हमारा उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित और बेहतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराना है। **-बिजेंद्र नरवाल,** एसई, बिजली निगम

### ऑडिट में इन बिंदुओं पर रहेगा फोकस

- बिजली चोरी-अवैध कनेक्शनों की जांच
- फीडर व ट्रांसफार्मर स्तर पर लाइन लॉस का आकलन
- पुराने -जर्जर बिजली तारों की पहचान
- ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की समीक्षा
- बाजारों-व्यावसायिक क्षेत्रों में लोड जांच
- मीटरों की कार्यप्रणाली और बिलिंग रिकॉर्ड का मिलान
- संवेदनशील क्षेत्रों का सुरक्षा निरीक्षण
- सुरक्षित बिजली उपयोग के प्रति जागरूकता अभियान

### जनता का सहयोग भी जरूरी : एसई

बिजली निगम के एसई बिजेंद्र नरवाल ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों और प्रतिष्ठानों में बिजली उपकरणों व वायरिंग की समय-समय पर जांच करवाएं। किसी भी प्रकार की खराबी या अवैध कनेक्शन की जानकारी तुरंत निगम को दें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बिजली निगम उपभोक्ताओं की समस्या निपटाने के लिए हर समय तैयार है।

**सीवरों की सफाई सुनिश्चित करने पर जोर**

# मॉनसून से पहले मरम्मत कार्य पूरा करें : उपायुक्त



**रोहतक।** जिला सड़क सुरक्षा समिति (डीआरएससी) एवं सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉनसून से पहले सड़क मरम्मत, पैचवर्क और अन्य आवश्यक कार्य एक सप्ताह में पूरे किए जाएं तथा स्टॉर्म वाटर सीवरों की सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि जलभराव और यातायात बाधित न हो।लघु सचिवालय में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति (डीआरएससी) और सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी किसी भी लापरवाही से जनहानि नहीं होनी चाहिए। बैठक में दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुधार कार्यों और पूर्व निर्णयों की अनुपालना की समीक्षा की गई।एनएचएआई को राष्ट्रीय राजमार्गों पर सभी स्ट्रीट लाइटें सुचारू रखने के निर्देश दिए गए। वन विभाग को मॉनसून में पौधारोपण की योजना तैयार करने को कहा गया। सुखपुरा चौक फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में बताया गया कि मई माह में यातायात नियमों के उल्लंघन पर 7,781 चालान किए गए। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बिना हेलमेट और तेज गति से वाहन चलाने वालों पर अभियान और सख्त करने के निर्देश दिए।

## भराण और निंदाना में किसानों को बताए प्राकृतिक खेती के फायदे



**महम।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में हरियाणा राज्य में विशेष राज्यव्यापी प्रचार अभियान के तहत कृषि विभाग एवं बागवानी विभाग ने सोमवार को महम खंड के गांव निंदाणा व भराण में किसानों को प्राकृतिक खेती व सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। खंड कृषि अधिकारी महम डॉ. संदीप नांदल ने धान की सीधी बिजाई व मेरा पानी मेरी विरासत तथा मेरी फसल मेरा ब्यौरा में हुए सुधारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि सबसे पहले अपने नजदीक कृषि विज्ञान केन्द्र से पानी व मिट्टी कि जांच करवायें। शिविर में उधान विकास अधिकारी महम डॉ. विनोद कुमार ने किसानों को नये बाग़ लगाने तथा सब्जियों के उत्पादन पर मिलने वाली अनुदान राशि की स्कीमों के बारे में बताया।

## एमडीयू में 12 हजार विद्यार्थी, लेकिन शिविर में 38 यूनिट रक्त ही हुआ एकत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में विश्व रक्तदाता दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य मानव सेवा का संदेश देना था। हालांकि, करीब 12 हजार विद्यार्थियों की मौजूदगी के बावजूद पूरे दिन में केवल 38 यूनिट रक्त ही एकत्र हो सका। यूथ रेड क्रॉस इकाई द्वारा 'वन ड्रॉप ऑफ ब्लड गिव ब्लड, सेव लाइव्स' थीम पर आयोजित शिविर में कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया और कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल शामिल हुए। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने रक्तदान को जीवन बचाने का सबसे सरल माध्यम बताया और युवाओं से नियमित रक्तदान की अपील की। कुलसचिव ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा है।



**रोहतक।** शिविर में रक्तदाता को सम्मानित करते कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया।

## साइकिल वितरण समारोह आज

**रोहतक।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर द्वारा आयोजित पुरानी आईटी में स्थित मदन लाल धींगड़ा सामुदायिक केंद्र में मंगलवार शाम विशाल प्रोजेक्ट 300 साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। साइकिल उन्हीं छात्राओं को दी जाएंगी, जिनके 85% से ज्यादा अंक है और जो जरूरतमंद हैं और उन्हें स्कूल आने जाने में दिक्कत आती है। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर रहेंगे। इस मौके पर पूर्व सांसद सुनिता दुग्गल, एलपीएस बोसार्ड के चेयरमैन राजेश जैन, प्रजाइडिंग गैस्ट डा. रवि गुगनानी, विजय तायल आदि समारोह में शिरक्त करेंगे।



**रोहतक।** पानी को लेकर धरना-प्रदर्शन करते आंबेडकर कॉलोनी की महिलाएं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**जायजा | एमडीयू कुलपति ने कैंटीन का किया औचक निरीक्षण**

# विद्यार्थियों से जानी खाने की गुणवत्ता, फास्ट फूड की जगह पौष्टिक भोजन अपनाने की सलाह

■ साफ-सफाई पर जोर नियमित निगरानी के निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने सोमवार को एक्टिविटी सेंटर स्थित यूनिवर्सिटी कैंटीन (यूएफओ) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैंटीन में भोजन की गुणवत्ता, पौष्टिकता, स्वच्छता और खाद्य वस्तुओं के रेट्स का जायजा लिया। कुलपति ने कैंटीन में भोजन कर रहे विद्यार्थियों से सीधे बातचीत कर खाने की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं पर फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान कुलपति के साथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल भी मौजूद रहे। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कैंटीन संचालकों से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, तैयार करने की प्रक्रिया, स्वच्छता व्यवस्था तथा मेन्यू संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन की प्राथमिकता विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुरक्षित तथा पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। खाद्य गुणवत्ता और स्वच्छता के मानकों से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। कुलपति ने कैंटीन में मौजूद विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए भोजन की गुणवत्ता, स्वाद, साफ-सफाई तथा रेट्स के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को फ़ास्ट फ़ूड की बजाय पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा और संतुष्टि सर्वोपरि है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी तथा पीआरओ पंकज नैन उपस्थित रहे।



**रोहतक।** एक्टिविटी सेंटर स्थित यूनिवर्सिटी कैंटीन (यूएफओ) का औचक निरीक्षण करते कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया फोटो : हरिभूमि

### छात्रों के विचार जाने

विद्यार्थियों से कैंटीन को लेकर उनके विचार भी जाने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैंटीन में साफ-सफाई और गुणवत्ता को लेकर नियमित निगरानी रखी जाए तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास है कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ एक स्वस्थ और सकारात्मक वातावरण भी उपलब्ध कराया जाए।

**आंबेडकर कॉलोनी के लोगों के गले सूखे**

# महिलाओं ने 4 घंटे दिया जन स्वास्थ्य विभाग पर धरना

*दर्जनों बार अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भीषण गर्मी में जब हर घर को पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब आंबेडकर कॉलोनी की महिलाएं पिछले तीन वर्षों से पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। हालात ऐसे हैं कि पानी आने की उम्मीद लगभग खत्म हो चुकी है और लोगों को टैंकरों के सहारे अपना जीवन चलाना पड़ रहा है। बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज महिलाओं का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा और उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय पहुंचकर चार घंटे तक धरना दिया। कॉलोनी की महिलाओं ने बताया कि गली नंबर-3 में पिछले करीब तीन वर्षों से पेयजल आपूर्ति की गंभीर समस्या बनी हुई है। कई बार विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन आज तक स्थायी समाधान नहीं किया गया। उनका कहना है कि चुनावों के दौरान जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। धरने पर बैठी महिलाओं ने कहा कि पानी की कमी के कारण सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बच्चों को उठानी पड़ रही है। घर के दैनिक कार्यों से लेकर पीने के पानी तक के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। कई परिवार निजी टैंकरों से पानी मंगवाने को मजबूर हैं, जिससे हर महीने अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। पेयजल पाइप लाइन पुरानी और जर्जर हो चुकी है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि विभाग के अधिकारी केवल आश्वासन देकर मामले को टालते रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

धरना देने वाली महिलाओं का नेतृत्व जसबीर कुमार ने किया। इस दौरान सतपाल, महेंद्र, सूरज,, अनीता, गीत, सोनू, मनीषा, आशा, बाला, नीलम, शशि, संतरा आदि मौजूद रहे।